पुणा International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

PERIODIC ASSESSMENT-3			
Student's Name:	**Roll No:**	**Grade:**	**VII**
Date:	**Time:**	**Total Marks**	**25**
Subject: Hindi	**T.Sign:**		

⇨ **निर्देश- चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |**

(अपठित-विभाग)

प्र-1 अपठित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (अंक-5)

पुस्तकें सच्ची मित्र होती हैं| अब तक मैं यही समझता था. परंतु उस दिन मेरी यह धारणा भी टूट गई| मैंने एक ऐसी पुस्तक पढ़ी जिसमें घृणा और द्वेष भरा हुआ था|लेखक महोदय किसी विशेष विचारधारा से बंधे हुए जान पड़ते थे, जैसे जंजीरों में झगड़ा हुआ कैदी दांत पीस पीस कर हर अपने जाने वाले को गाली ही देता है उसी प्रकार लेखक महोदय को अपने समाज में सारे लोग शोषक जान पड़ते थे| लेखक को यदि कोई कार में सवारी करता सोचा, वह नफरत के योग्य लगा, जो मंदिर में जाता हुआ मिला वह मूर्ख लगा, जो संस्कारों की बातें करता, वह ढोंगी जान पड़ा. जो संस्कृति और मर्यादा की बात करता , वह शोषक प्रतीत हुआ|उसकी नजरों में सच्चा इंसान वही है जो व्यवस्था के विरुद्ध आवाज उठाए| चाहे व्यवस्था उसे सभी सुविधाएं दे रही हो फिर भी उसमें कमियां निकाले|अपने मालिक को, रोजगार देने वालों को अत्याचारी समझे|उसके विरुद्ध समय-समय पर संघर्ष की आवाज उठाता रहे, हड़ताल और तालाबंदी करता रहे, नारे लगाता रहे, झंडा उठाता रहे|ऐसा लगता है कि लेखक के जीवन का लक्ष्य भी मात्र यही था – निरंतर संघर्ष|सच कहूं तो ऐसी पुस्तक पढ़कर मैं शांत नहीं रह पाया. मेरे मन में खलबली मच गई और अशांति की प्राप्ति हुई|

1. अपठित गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए|
2. पुस्तकों के बारे में पाठक की धारणा क्यों टूट गई?
3. लेखक के जीवन का लक्ष्य क्या मालूम पड़ता था?
4. पुस्तक पढ़कर पाठक के मन पर क्या प्रभाव पड़ा?
5. लेखक की नजरों में सच्चा इंसान कौन है?

(व्याकरण- विभाग)

प्र-2 निम्नलिखित कारक को पहचानकर उनके भेद के नाम लिखिए| **(अंक-3)**

1) सम्प्रदान कारक का चिह्न किस वाक्य में प्रयुक्त हुआ है?
   (a) वह फूलों को बेचता है।
   (b) उसने ब्राह्मण को बहुत सताया था।
   (c) प्यासे को पानी देना चाहिए।
2) ‘मछली पानी में रहती है’ इस वाक्य में किस कारक का चिह्न प्रयुक्त हुआ है?
   (a) संबंध (b) कर्म (c) अधिकरण
3) संज्ञा या सर्वनाम को क्रिया से जोड़ने वाले चिह्न कहलाते हैं?
   (a) संज्ञा (b) सर्वनाम
   (c) क्रिया (d) कारक

प्र-3 निम्नलिखित विराम चिहनों को पहचानकर लिखिए| **(अंक-2)**

1) पूर्ण विराम के स्थान पर एक अन्य चिह्न भी प्रचलित है, वह है-
   (a) अल्प विराम (b) योजक चिह्न
   (c) फुलस्टॉप (d) विवरण चिह्न
2) जहाँ वाक्य की गति अन्तिम रूप ले ले, विचार के तार एकदम टूट जाएँ, वहाँ किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?
   (a) योजक (b) उद्धरण चिह्न
   (c) अल्प विराम (d) पूर्ण विराम

प्र-4 अशुदध वाक्यों को शुदध करके लिखिए | **(अंक-3)**

1) कृषि हमारी व्यवस्था की रीढ़ है।
2) सीता ने गीत की दो-चार लड़ियाँ गायीं।
3) मुझे सफल होने की निराशा है।

(साहित्य-विभाग)

प्र-5 निम्नलिखित अतिलघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(अंक-3)**

1) अप्पू को कंचे का आकार कैसा लग रहा था?
2) कवि छत की मुंडेर पर किस भाव में खड़ा था?
3) राजकुमार उत्तर को अर्जुन से कंक के बारे में क्या मालूम हो चुका था?

प्र-6 निम्नलिखित लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (कोई एक) **(अंक-2)**

1) वृक्ष और सरोवर किस प्रकार दूसरों की भलाई करते हैं?
2) तिनकेवाली घटना से कवि को क्या प्रेरणा मिली?

(लेखन-विभाग)

प्र-7 निम्नलिखित विषय पर अनुच्छेद लिखिए | (कोई एक) **(अंक-4)**

दीवाली

अथवा

व्यायाम का महत्त्व

प्र-8 निम्नलिखित चित्र को देखकर उसका वर्णन 10-15 वाक्यो में कीजिए | **(अंक-3)**